# आयुक्त कार्यालय, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया

**-:कार्यालय आदेश:-**

प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ संवेदनशील एवं जवाबदेह बनाने के संदर्भ में मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक-83, दिनांक-09.01.2026 से आवश्यक दिशा निर्देश निर्गत है। प्रमंडलीय आयुक्त, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया द्वारा आम जनता की समस्याओं को सुनने के लिए प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को पूर्वाह्न 11:00 बजे का समय निर्धारित किया जाता है। अधोहस्ताक्षरी के अनुपस्थिति में आयुक्त के सचिव उक्त कार्य का निष्पादन करेंगे।

सभी आवेदकों को प्रमंडलीय सभा कक्ष में ससम्मान बैठाया जाएगा। गरीब, बुजुर्गों एवं बच्चों के खाने-पीने की व्यवस्था की जाएगी। उनके आवेदन को विहित प्रपत्र में पंजीकृत किया जायेगा। तथा पावती आवेदकों को दी जायेगी। आगंतुकों से प्राप्त शिकायतों की पंजी का संधारण किया जायेगा एवं शिकायतों के सतत् अनुश्रवण की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जायेगी। प्राप्त आवेदनों के संदर्भ में आवश्यक जाँच कराते हुए परिवाद के निस्तार हेतु संबंधित पदाधिकारी को पत्र भेज कर इसका अनुश्रवण कार्यालय के स्तर से की जायेगी। तथा कृत कार्रवाई की सूचना आवेदक को दी जाएगी।

इस हेतु श्री संतोष कुमार भगत, प्रशाखा पदाधिकारी, आयुक्त कार्यालय, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया को नोडल पदाधिकारी नामित किया जाता है।

जिलावार प्राप्त आवेदनों की पंजी का संधारण करते हुए अनुवर्ती कार्रवाई के लिए निम्नांकित कोषांग गठित किया जाता है:-

| क्रमांक | जिला | कर्मी का नाम |
|---|---|---|
| 1 | पूर्णिया | श्री गोपाल कुमार गोपी, प्रशाखा पदाधिकारी एवं<br>श्री मुकेश कुमार, डाटा इंट्री ऑपरेटर |
| 2 | कटिहार | श्री विश्वजीत आनंद, प्रशाखा पदाधिकारी एवं<br>श्री मनीष कुमार, डाटा इंट्री ऑपरेटर |
| 3 | अररिया | श्री अजय कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी एवं<br>श्री मनोज कुमार दास, डाटा इंट्री ऑपरेटर |
| 4 | किशनगंज | श्री मनीष कुमार, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी एवं<br>श्री शशि सुमन वंशपाल भारती, कार्यपालक सहायक |

2. आई.टी. मैनेजर, आयुक्त कार्यालय, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया को निदेश दिया जाता है कि सभी प्राप्त आवेदनों का डाटाबेस विहित प्रपत्र में तैयार करेंगे। तथा आवेदनों पर कृत कार्रवाई की जानकारी अंकित करते हुए समय-समय पर लंबित मामलों का प्रतिवेदन प्रत्येक सोमवार को पूर्वाह्न 11:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थापित करेंगे।

3. इस संबंध में पूर्व में निर्गत सभी आदेश को विलोपित समझा जाय।

ह०/-
आयुक्त
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया

ज्ञापांक-404/ पूर्णिया दिनांक 17.01.2026

प्रतिलिपि:- जिला पदाधिकारी/उप विकास आयुक्त/अपर समाहर्त्ता, पूर्णिया/कटिहार/अररिया/किशनगंज को सूचनार्थ एवं समरूप व्यवस्था जिलान्तर्गत करने हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि:- आयुक्त के सचिव, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि:- उप निदेशक, प्रमंडलीय सूचना एवं जन सम्पर्क, पूर्णिया प्रमंडल,पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि:- अवर सचिव/सभी प्रशाखा पदाधिकारी/सहायक प्रशाखा पदाधिकारी/आई.टी.मैनेजर/नाजीर एवं सभी संबंधित कर्मी सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

Raje K.
17/1/2026.
आयुक्त,
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।